**Title:** Need to accord sanction to Narmada-Chhipra river project and Ranjit Sagar Project of Madhya Pradesh.

**श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का मालवांचल निरन्तर मरूस्थल बनने की ओर अग्रसर होता जा रहा है। उक्त मालवांचल में (वाटर लैवल) जल स्तर तेजी से गिरता जा रहा है। लोगों को पीने के पानी की अधिक कमी का सामना करना पड़ रहा है। नदी, नाले, कुएं और हैंड पम्पों में पानी नहीं रहता है, गर्मी के मौसम में लोगों को व पशुओं को पानी नहीं मिल पाता है। मालवांचल को रेंगिस्तान होने के बचाने के लिए नर्मदा क्षिप्रा कालीसिंध (नदी) जोड़ो योजना तथा रणजीत सागर योजना नामक दो योजनाएं बनाकर प्रस्तावित की गई हैं, जो लम्बे समय से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच अंतिम स्वीकृति हेतु लम्बित हैं। प्रस्तावित योजनाओं से बिजली उत्पादन भी होगा तथा सिंचाई भी होगी और उज्जैन संभाग के सभी जिलों के साथ ही राजगढ़ जिला भी लाभान्वित होगा। दोनों योजनाओं की स्वीकृति शीघ्र आवश्यक है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि जनहित में इन योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कार्यवाही करें।**

&nbs